धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से उन्नत भारत अभियान के तहत तंबाकू निषेध दिवस, पर्यावरण संरक्षण दिवस पर संयक्त रूप से तीन दिवसीय, जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पौधारोपण भी किया जा रहा है। वहीं गांवों में स्वच्छता अभियान छेड़ा जा रहा है, लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण करके की गई। उन्नत भारत अभियान प्रकल्प के अंतर्गत पांच भिन्न-भिन्न ग्राम पंचायत के गांवों सनोट, बरवाड़ा, बौगट, घेर और शिवनाथ को अंगीकृत किया गया है।